RE. SHORTAGE OF COAL IN POWER PLANTS IN U.P.

श्री प्रमोद तिवारी (उत्तर प्रदेश) : डिप्टी चेयरमैन सर, एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। हमारे उत्तर प्रदेश के तीन-तीन थर्मल प्लांट्स में कोयला बिल्कुल खत्म हो गया है, इससे पूरा उत्तर प्रदेश अंधेरे में आ जाएगा। ...(**व्यवधान**)... सर, मैंने नोटिस दिया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : नोटिस का मैटर जीरो ऑवर में उठेगा। ...(**व्यवधान**)... आज जीरो ऑवर नहीं है, इसे हम कल देखेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी : केन्द्र सरकार का यह जो उत्तर प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार है, इसके कारण पूरा उत्तर प्रदेश अंधेरे में डूबने जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आज जीरो ऑवर नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी : सर, मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आप डायरेक्ट कर दें कि वहां कोल की सप्लाई जारी रहे।

श्री उपसभापति : आपने आज नोटिस दिया है, इसे कल जीरो ऑवर में देखेंगे। ...(**व्यवधान**)... अब आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... श्री जुगुल किशोर।

THE BUDGET (GENERAL), 2014-15
AND
THE APPROPRIATION (NO.2) BILL, 2014
THE APPROPRIATION (NO.3) BILL, 2014 – *Contd.*

श्री जुगुल किशोर (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आपने मुझे देश के आम बजट पर बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं धन्यवाद करता हूं अपनी नेता बहन कु. मायावती जी का, जिन्होंने मुझे इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने की जिम्मेदारी सौंपी है। मोदी सरकार का यह प्रथम बजट देश के वित्त मंत्री माननीय श्री अरुण जेटली के द्वारा पेश किया गया। मुझे इस पूरे बजट को पढ़ने का मौका मिला। ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA (Rajasthan): Sir, I am on a point of order. .... *(Interruptions)*... I am on a point of order. ...*(Interruptions)*... There is no Cabinet Minister. ...*(Interruptions)*...

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चन्द गहलोत) : आनन्द शर्मा जी, मुझे यहां इतना समय हो गया, फिर आप मेरे साथ अन्याय क्यों करते हो। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्मा : नहीं जानते हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Anand Sharma, do not try to demote him. ...*(Interruptions)*...

श्री आनन्द शर्मा : इनका परिचय देते ...(**व्यवधान**)...

SHRI P. RAJEEVE (Kerala): Sir, we are discussing Budget. ...*(Interruptions)*... But, there is nobody from the Finance Ministry. ...*(Interruptions)*... It is a very important financial Bill and there is nobody from the Finance Ministry. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : बैठो-बैठो, अभी आ जाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, you adjourn the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a collective responsibility. ...*(Interruptions)*... One Cabinet Minister is enough. ...*(Interruptions)*... Of course, I do agree that there should have been somebody from the Finance Ministry. ...*(Interruptions)*... But, there is one Cabinet Minister and we can proceed. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, you adjourn the House. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (मध्य प्रदेश) : बजट पर चर्चा हो रही है, फाइनेंस से कोई नहीं है। ...(**व्यवधान**)... अच्छे दिन आ गए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She was here. She had gone out just for two minutes, बैठिए-बैठिए ...*(Interruptions)*... One Cabinet Minister is also here. ...*(Interruptions)*... Everything is in order. ...*(Interruptions)*...

श्री जुगुल किशोर : महोदय, मैंने महसूस किया कि इस बजट पर पूरा खाका यू.पी.ए. सरकार का ही खाका है, केवल कुछ आंशिक परिंवतन एव कुछ नई बातों को जोड़ने के अलावा देश के बदलाव के बड़े मुद्दों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान देश के लोगों में नई आशाएं और नई उम्मीदें जगाई थीं, अच्छे दिन आने का आभास कराया था, बजट में वैसा कुछ भी नजर नहीं आया। हमारे देश की यह सरकार महंगाई कम करने, भ्रष्टाचार मिटाने एवं विदेशों से भारत का काला धन वापस लाने तथा विकास का इतिहास बनाने का नारा देकर सत्ता में आई और सत्ता में आने के बाद इस सरकार के दो महीने के कार्यों से तो ऐसा लगता है कि सब कुछ उलटा-पुलटा हो गया है। महंगाई घटने के बजाए बढ़ गई, चाहे पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य पदार्थ, रेल किराया अथवा आवश्यक वस्तुओं का मामला हो, मोदी जी के.पी.एम. बनने के बाद सभी चीजें महंगी हो गई हैं। आज भारत के बाजार में टमाटर सौ रुपए किलो से भी अधिक महंगा बिक रहा है। केवल सब्जी की ही बात नहीं, बल्कि ईंट, सरिया, सीमेंट और यातायात के सभी साधन महंगे हो गए हैं। महोदय, रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में साढ़े 14 परसेंट यात्रा किराए में और साढ़े 6 परसेंट माल भाड़े में वृद्धि कर के सरकार ने देश के लोगों को कौन से अच्छे दिन दिखाए हैं? साथ ही देश की सरकार ने इस आम बजट में

भी लोगों को निराश ही किया है। अगर हम अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के संबंध में बजट में रखे गए प्रावधन की बात करें, तो वह भी निराशाजनक है क्योंकि भारत के अंदर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की आबादी 23 परसेंट है और इस वर्ग के लिए बजटीय प्रावधान केवल 50,548 करोड़ का ही किया गया है जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या के आधार पर बजट का 23 परसेंट यानी करीब 4 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान होना चाहिए था। अगर ऐसा होता, तो शायद सारे देश के दलित यह महसूस करते कि श्री मोदी जी की सरकार ने यू.पी.ए. की सरकार से आगे बढ़कर कुछ काम किया है।

उपसभापति महोदय, हमारे देश में वर्ष 2010 में राष्ट्र मंडल खेलों का आयोजन हुआ। उन खेलों में दिल्ली प्रदेश की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास के लिए रखी धनराशि, यानी स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के 744 करोड़ रुपए इन खेलों के आयोजन के लिए स्थानांतरित किए गए। कई बार हमारी पार्टी ने इसी सदन में यह मांग की है कि सरकार बताए कि दिल्ली के दलितों के विकास के लिए रखे गए 744 करोड़ रुपयों का स्टेटस क्या है? महोदय, आज तक इस प्रश्न का जवाब नहीं मिला है। मैं वित्त मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि जब वह मेरे भाषण में उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दें, तो कृपया इस बात को स्पष्ट करें।

महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से यह भी जानना चाहूंगा कि भारत के सभी प्रांतों में दलितों के विकास के लिए खर्च होने वाले स्पेशल कम्पोनेंट प्लान की कितनी धनराशि केन्द्र सरकार अथवा योजना आयोग पर बाकी है? माननीय वित्त मंत्री जी कृपया इस बात को भी स्पष्ट करें। मुझे इस बात की जानकारी है कि जिस प्रकार दिल्ली प्रदेश में दलितों के विकास की धनराशि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए स्थानांतरित की गई थी, उसी प्रकार अन्य प्रदेशों में भी स्पेशल कम्पोनेंट प्लान की धनराशि का दुरुपयोग हुआ है।

उपसभापति महोदय, बहुत दुख के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश की सरकार के बजट में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षित पदों को भरने एवं बैकलॉग को पूरा करने पर सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। महोदय, मैं सदन के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि अकेले केन्द्रीय विभागों में ही इन वर्गों के 60 हजार से ज्यादा के पद रिक्त हैं, लेकिन इनकी भर्ती प्रक्रिया शून्य है। आज देश के अन्य प्रदेशों में न जाने कितना-कितना कोटा रिक्त पड़ा है। इस सरकार का भी ध्यान दलितों को रोजगार देने की तरफ बिल्कुल नहीं है। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि बी.पी.एल. की सूची, जो देश के गरीबों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए बनायी जाती है, उसकी लंबे समय से समीक्षा नहीं हुई है। सच यह है कि आज भी करोड़ों गरीब देश में ऐसे हैं कि जो बी.पी.एल. की श्रेणी में आते हैं, लेकिन इस सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है। मैं सदन के संज्ञान में यह बात भी लाना चाहता हूं कि बी.पी.एल. की सूची जो पहले बनी है, उसमें अनेकों नाम ऐसे हैं जो बी.पी.एल. की श्रेणी में नहीं आते हैं, लेकिन बी.पी.एल. कोटे का लाभ ले रहे हैं। क्या सरकार एक समय-सीमा निर्धारित कर बी.पी.एल. सूची की समीक्षा करा के वास्तविक गरीबों को बी.पी.एल. की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया को पूरा करेगी?

[श्री जुगुल किशोर]

उपसभापति महोदय, अगर हम इस बजट में आवासीय व्यवस्था की बात करें, तो इस संबंध में सरकार ने कोई बड़ी योजना घोषित नहीं की है। देश के गरीब तो यह महसूस करते हैं कि आज जब एक चाय बेचने वाले और सियासत करने वाले नेता को देश का पी.एम. बनने का मौका मिला है, तो वे गरीबों को कम-से-कम आशियाना देने का काम तो करेंगे, लेकिन बजट में ऐसा नहीं हुआ है। इससे आवासहीन लोगों में बड़ी निराशा है। मैं यह कहता हूं कि अगर सरकार की इच्छा शक्ति होती तो देश के करोड़ों लोगों को कम-से-कम समय में आशियाना मिल सकता था। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्य मंत्री आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी का शासन हमने देखा है। उन्होंने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के लाखों गरीबों को मान्यवर काशीराम शहरी गरीब आवास योजना' के अंतर्गत दो कमरों के पक्के मकान बनवा कर, उनके रहने का ठिकाना देने में सफलता प्राप्त की। आप गुजरात का मॉडल तो देश में लाने की बात करते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी की आवास योजना को देश में लागू क्यों नहीं करते? देश में 'इंदिरा आवास योजना' का संचालन हुआ था, लेकिन उन आवासों को बनाने के लिए जो धनराशि आवंटित की जाती है, वह इस महंगाई के दौर में काफी नहीं है। वैसे भी इस योजना का वास्तविक लाभ देश के गरीब लोग नहीं उठा सके, इसलिए इस योजना का विस्तार करके दो कमरों के पक्के मकान बनाकर देने का फैसला अगर सरकार कर ले, तो शायद देश के कुछ लोगों को राहत मिल सकती है।

महोदय, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के लिए लंबे समय से विशेष पैकेज के तौर पर बहुजन समाज पार्टी 80 हजार करोड़ रुपए की मांग करती आई है। आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी इस मांग को उठाती रही हैं, लेकिन यू.पी.ए. की सरकार ने उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। मैं चाहूंगा कि यह एन.डी.ए. की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए बहुजन समाज पार्टी की पुरानी मांग को स्वीकार करके जितना जल्दी हो सके 80 हजार करोड़ रुपए का पैकेज देने का निर्णय ले। वैसे भी उत्तर प्रदेश के हालात अच्छे नहीं है। वहां विकास पूरी तरह से ठप हो गया है, रोजगार की कोई नीति सरकार लागू नहीं कर सकी, सूखे से किसान प्रभावित हैं, बढ़ते हुए अपराधों से तो पूरे प्रदेश की जनता भयभीत है। एन.डी.ए. सरकार को उत्तर प्रदेश की बदहाली और बढ़ते हुए अपराधों पर ध्यान देना चाहिए।

महोदय, मैं देश के दलित छात्रों की एक बड़ी समस्या केन्द्र सरकार के सामने रखना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार से दलित बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए जो धनराशि वजीफे के तौर पर दी जाती थी, वह आज बाधित है। हम चाहे उत्तर प्रदेश की बात करें, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर की बात करें, सभी प्रदेशों में दलित छात्रों को वजीफा नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें अगली कक्षाओं में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है, न ही वे छात्र अपनी पढ़ाई आगे कर पा रहे हैं। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि देश भर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों को वजीफे की धनराशि महंगाई के हिसाब से शीघ्र दिलाना सुनिश्चित करे तथा इन वर्गों के छात्रों के लिए विद्यालयों में आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने पर विचार करे। भारतीय संविधान में केन्द्र सरकार अथवा प्रदेश सरकार के शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आरक्षण की व्यवस्था तो है, लेकिन आज देश यह महसूस करता है कि इन वर्गों के छात्रों के लिए निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थानों में भी आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि निजी शैक्षणिक निजी संस्थानों में पढ़ाई के

समान अवसर प्राप्त हो सकें। देश के बहुत दिनों से देश के दलितों ने इस मांग को उठाया हुआ है कि उच्च न्यायालयों, सर्वोच्च न्यायालय तथा सेना में भी आबादी के हिसाब आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन सरकार ने इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। मैं तो कहूंगा कि केवल न्यायपालिका और सेना में ही नहीं, बल्कि मीडिया के क्षेत्र में भी दलितों का आरक्षण होना चाहिए। केन्द्र सरकार के उच्च विभागों में भी विशेष तौर पर संयुक्त सचिव, विशेष सचिव, प्रमुख सचिव जैसे पदों पर दलितों की भागीदारी शुरू हो। मैं चाहुंगा कि नई सरकार केन्द्र सरकार के विभागों में प्रमुख पदों पर भी दलितों को आरक्षण का अवसर प्रदान करे। आज पूरे देश के दलितों में इस बात को लेकर रोष होता है कि आजादी के 67 वर्षों के बाद भी उनके साथ समान व्यवहार नहीं हो रहा। आपने देखा कि हरियाणा में मिर्ची कांड, पंजाब में तलहन कांड, उत्तर प्रदेश में मोहनलाल गंज में गैंगरेप जैसी घटनाएं ऐसे नमूने हैं, जिनसे आज भी दिल दहल जाता है। सभी सरकारें दलितों के वोटों पर राज करती हैं, लेकिन जब उनके खिलाफ अत्याचार होते हैं, बलात्कार, हत्या और उत्पीड़न की घटनाएं होती हैं, तो सरकारें चुप बैठ जाती हैं। मैं देश के वित्त मंत्री जी से चाहूंगा कि वे अपने बजट में व्यवस्था करें कि भारतवर्ष में दलितों के विरुद्ध जाति के आधार पर होने वाली हिंसक घटनाओं की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट्स में हों और ये फास्ट ट्रैक कोर्ट्स केवल अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के साथ होने वाली घटनाओं की सुनवाई के लिए ही हों। आज हमें बहुत तकलीफ होती है, जब हमारे वाल्मीकि समाज के भाई-बहन अपने हाथों से सफाई, यहां तक कि मल-मूत्र उठाने का काम भी करते हैं, लेकिन उनको आज तक स्थायी कर्मचारी नहीं माना गया। आज भी उन्हें ठकेदारी प्रथा के आधार पर बंधुआ मजदूर बनाकर रखा गया है। लेकिन यहां पर मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अभी जब बजट पर बहस हो रही थी, तो सत्तारूढ़ पार्टी के एक सांसद सफाई मजदूरों के विषय में बात कर रहे थे कि हमने उनके लिए इतनी व्यवस्था की, लेकिन मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि देश की आजादी के 67 साल गुजर जाने के बाद भी उनकी स्थिति इस आजाद भारत में गुलामों जैसी बनी हुई है। उन्हें ठेकेदारी प्रथा में काम करने के लिए नौकरी पर रखा गया, लेकिन आज तक उन्हें रेग्युलराइज नहीं किया गया। इस दिल्ली प्रदेश में भी मैंने देखा कि वे 8,000 रुपए पर आज नौकरी करते हैं। क्या यह दयनीय दशा नहीं है? लेकिन केन्द्र सरकार के लोग फिर भी अपनी पीठ थपथपाने में पीछे नहीं रहते हैं और आंसू बहाते हैं कि वाल्मीकि समाज के लिए हमने बहुत कुछ किया है। इसलिए मैं उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री आदरणीया बहन कुमारी मायावती जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति में इस बात का एक इतिहास बनाया और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सफाई कर्मियों को स्थायी कर्मचारी के तौर पर नियुक्ति करके उनके विकास के रास्ते को खोला। क्या देश की सरकार इस नीति का अनुसरण नहीं कर सकती? मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि पूरे भारतवर्ष में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारी के तौर पर नियुक्त किया जाए तथा उनको वे सब सुविधाएं मिलें, जो सुविधाएं किसी केन्द्र सरकार के कर्मचारी को मिलती हैं।

महोदय, हमारे देश की एक अजीब विडम्बना है कि बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा लिखे गए संविधान के मूल भाव का ध्यान, जम्मू-कश्मीर में किसी भी प्रकार से नहीं रखा जा रहा है। पूरे देश में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन अजीब बात है, जम्मू-कश्मीर के

[श्री जुगुल किशोर]

अनुसूचित जाति के गुर्जर, बकरवाल जाति के लोग अभी तक इस आरक्षण का लाभ नहीं ले सके। तो क्या सरकार जम्मू-कश्मीर में एस.टी. वर्ग को, एम.पी. या एम.एल.ए. के चुनाव में आरक्षण देने का निर्णय करेगी?

महोदय, आज पूरे भारतवर्ष में अगर किसी का बहुत बुरा हाल है, तो पिछड़े समाज के लोग, जिनकी आबादी आज 52 परसेंट से अधिक है, उनका है, लेकिन देश की सरकार का यह बजट इन 52 परसेंट के विकास के लिए मौन है। क्या कुसूर है इनका? जब काका कालेलकर आयोग एवं वी.पी. मंडल आयोग ने अपनी अनुशंसा में यह स्पष्ट कर दिया कि देश के इस पिछड़े वर्ग के हालात बहुत बदतर हैं, तो क्या सरकार को इन पर ध्यान नहीं देना चाहिए? न तो इन वर्गों के लोग राजनीति में हैं, न बड़ी सर्विसेज में हैं और न ही उद्योगों में हैं। इन पिछड़े वर्गों की हालात देश में यह हो गई है कि उनको जीवन जीने में कठिनाई हो रही है। 27 परसेंट रिजर्वेशन देने का कानून देश में बना, लेकिन वह सब प्रदेशों में लागू नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ प्रदेशों में तो इस आरक्षण की व्यवस्था का लाभ मिला, लेकिन बाकी प्रदेशों में नहीं मिला है। सबसे अफसोस की बात तो यह है कि देश में कम से कम सात ऐसे प्रदेश हैं, जिनमें अभी तक पिछड़े वर्गों की सूची नहीं बनी है। इससे सदन यह अंदाजा लगा सकता है कि किस तरह से पिछड़े वर्ग को 27 परसेंट आरक्षण से वंचित रखा जा रहा है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह देश की आधी से अधिक आबादी वाले इस समाज के बारे में कुछ सोचे। इनको इनकी आबादी के हिसाब से बजट में धनराशि का आवंटन करे। पिछली सरकार ने जाति आधारित जनगणना करने का कार्य प्रारंभ किया था, जिसे वर्ष 2013 में पूरा होना था, लेकिन उस जनगणना का क्या हुआ, मालूम नहीं। क्या वित्त मंत्री जी इस पर टिप्पणी करेंगे?

महोदय, हमें देश के धार्मिक अल्पसंख्यकों एवं सामान्य वर्ग के गरीबों की ही चिंता करनी चाहिए... और सच तो यह है कि धार्मिक अल्पसंख्यक आज अपने आपको देश के कुछ कटा-कटा सा महसूस कर रहे हैं। मैं विशेष तौर पर मुस्लिम समाज की बात कहूं तो चाहे यू.पी.ए. की सरकार रही हो या एन.डी.ए. की, दोनों ने इनकी अनदेखी की है।

सच्चर कमेटी रिपोर्ट एवं रंगनाथन रिपोर्ट कब सरकार के सामने आयी और अभी तक उस पर काम क्यों नहीं हुआ है? सारा देश इस बात को जानता है कि सच्चर कमेटी में इस बात का जिक्र हुआ है कि धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग की स्थिति दलितों से भी बदतर है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर टिप्पणी की है। फिर सरकार क्यों नहीं जागती? हमारी पार्टी इस मत की भी समर्थक है। यह सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों और सामान्य जाति के गरीबों को आरक्षण देने का कोई प्रावधान करती है तो हम सबसे पहले उसका समर्थन करेंगे। अंत में, मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए अपील करता हूं कि देश के नौजवानों एवं किसानों को हमें नहीं भूलना चाहिए क्योंकि यह वह वर्ग है जो देश के लोकतंत्र को चलाता है। अतः मेरी सरकार से अपील है कि इस बजट में आवश्यक संशोधन करके जो तथ्य मैंने अपने भाषण में रखे हैं, उन्हें शामिल करें और देश के दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीब लोगों के लिए जीने के नए रास्ते खोलें। धन्यवाद। जय भीम।

श्री उपसभापति : श्री हरिबंश नारायण सिंह Maximum 15 minutes.

श्री अली अनवर अंसारी (बिहार) : उनकी मेडन स्पीच है।

श्री उपसभापति : मेडन स्पीच है इसलिए 15 मिनट का समय दिया है।

श्री हरिवंश (बिहार) : सर, आप जब कहेंगे, मैं बैठ जाऊंगा, लेकिन मेरा आग्रह होगा कि मेरी बात को आप पहली बार सदन में रखने दें। माननीय उपसभापति जी, मैं सबसे पहले आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सम्मानित मंच से मेडन स्पीच देने का मौका देने के लिए। आपके और हमारी पार्टी जनता दल (यू) के नेता माननीय नीतीश कुमार जी और माननीय शरद जी के सौजन्य से मुझे यह अवसर मिला है, इसलिए पुनः आभार के साथ मैं अपनी बात कहना चाहता हूं। सर, मैं आरम्भ में स्पष्ट कर दूं कि बजट बनाने के लिए मौजूदा सरकार को बहुत कम समय मिला। कुछेक उल्लेखनीय चीजें उन्होंने जरूर की हैं, गांवों में, स्कूलों में टॉयलेट्स बनाने के लिए धन का अच्छा आवंटन किया है, अधिक किया है। इसका हमें अहसास है, लेकिन रचनात्मक आलोचना का मकसद यह है कि सरकार अपने दिखाए सपनों की राह से न भटके। इसलिए इनके हित में मैं आलोचनात्मक मूल्यांकन करूंगा। चुनाव में प्रचार के बल पर आपने जो माहौल बनाया, उससे लगा कि एक नयी सुबह दस्तक दे रही है। हिन्दी के एक बड़े कवि हुए, मुक्तिबोध, उनकी एक पंक्ति मुझे याद आयीः

"एक पांव रखता हूं तो हजार राहें फूट पड़ती हैं।"

लगा कि किसी समाज और देश के जीवन में यह घड़ी कभी-कभी आती है, जब हम ऐतिहासिक बदलाव के दरवाजे पर खड़े होते हैं, लेकिन Budget is the most important economic instrument of political ideology. आपके बजट के आने के बाद क्या हुआ? उन राजनैतिक सपनों को साकार करने का सबसे प्रभावी कारगर माध्यम तो आपका बजट ही था, लेकिन बजट के बाद जो लोग उम्मीदों के शिखर पर छलांग लगा रहे थे, उन विशेषज्ञों की चार टिप्पणियां, मैं आपके माध्यम से यहां रखना चाहूंगाः Chidambaram Budget with saffron lipstick; Modi's too safe Budget; Jaitley dons a PC mask; "UPA-III Budget. ऐसा हुआ क्यों? शायद इसलिए कि आपकी राजनीति के अनुरूप आपका आर्थिक दर्शन साफ नहीं है। इतिहासकार टायनवी ने कहा था कि भविष्य के लिए इतिहास दृष्टि देता है। मुझे लगता है कि हमारे इधर बैठे लोग अपना इतिहास भूल गए। वे दीनदयाल जी की बात करते है, "एकात्म मानववाद" की बात करते हैं। 1963 में उनकी "भारतीय अर्थनीति-विकास की दिशा" नामक पुस्तिका आयी थी जिसके आधार पर दत्तोपंत ढेंगड़ी जी ने तब कहा था कि "न पूंजीवाद, न समाजवाद, बल्कि तीसरा रास्ता हम चाहते हैं।" 1980 में आपने पंचनिष्ठा अपनाई, गांधीवादी समाजवाद की बात की, उसके बाद आपने स्वदेशी की चर्चा की और उसमें कहा कि तकनीक बाहर से आएगी, बाकी सारी चीजें हम खुद करेंगे, लेकिन ये सब चीजें अपने अतीत में करते हुए आज आप एफ.डी.आई. में मुक्ति का रास्ता देख रहे हैं। आप में वैचारिक स्पष्टता नहीं है, आपकी इकोनॉमिक फिलॉसिफी साफ नहीं है। संदेश तो साफ है। आप और अधिक निजीकरण की ओर जाना चाहते हैं, और बाजारवाद को लाना चाहते हैं लेकिन देंग सियाओं पेंग की तरह आपमें यह कहने का साहस नहीं है कि बिल्ली काली हो या सफेद, वह चूहे को पकड़ने की ताकत रखती है यानी आर्थिक विकास का रास्ता यह है। दूसरी ओर इस देश में एक पुराना रास्ता भी था, आज

[श्री हरिवंश]

लोग गांधी के अनुयायी जे.सी. कुमारप्पा को भूल गए हैं। कभी याद करना चाहिए जे.सी. कुमारप्पा को जिनकी शताब्दी अभी हाल ही में मनाई गई। जब वे गांधी जी से मिले तो किस तरह से अमेरिकन सूटेड-बूटेड व्यक्ति के रूप में थे और गांधी के इकानॉमिक थॉट के सबसे बड़े चिंतक के रूप में वे सामने आए और उनकी पुस्तक 'Capitalism, Socialism or Villageism थी। 'Economy of Permanence' उनकी दूसरी किताब थी। इन्होंने भी तीसरे रास्ते की तलाश की थी। हमारी दाहिने तरफ बैठे लोग, जो गांधी के वारिस रहे, वे 1991 में गांधी का रास्ता भूल गए। शायद उनकी कुछ मजबूरी रही होगी। स्पष्ट है कि इन लोगों ने भी तीसरे रास्ते की तलाश छोड़ दी और आपने तो छोड़ ही दी। आप दोनों आज वैचारिक धरातल पर एक जगह खड़े हैं। मार्केट इकोनॉमी के धरातल पर खड़े हैं। इसलिए बात हो रही है कि यह इधर का, यू.पी.ए.-3 का बजट है या एन.डी.ए. का बजट है।

मित्रो, इतिहास बनाने का मौका कभी-कभी मिलता है। मैं मानता हूं कि आपके पास इतिहास बनाने का मौका था। आज 1991 के बाद हालात बदल गए हैं। 1991 में मार्केट इकोनॉमी की बात हो रही थी, आज समाज ही बाजार बन गया है। मार्केट इकोनॉमी and being a मार्केट सोसायटी, दोनों में फर्क है। मैं दो किताबों का उल्लेख करना चाहूंगा जिस पर आज दुनिया में आर्थिक विकास का मॉडल क्या हो, इस पर बहस चल रही है, 'The Power of less' यानी कम से कम साधन में हम कैसे खुशी से रह सकें और दूसरा 'The Moral Limits of Markets'. मैंने इसका उल्लेख इसलिए किया क्योंकि एक महात्मा ने हमें आजादी दी, उस व्यक्ति के विचार को आज दुनिया अपना रही है और आपने यह मौका गंवा दिया और आप किस राजनीति की ओर चल पड़े? मैं मानता हूं कि राजनीति की दो धाराएं हैं। पहला मैक्यावेली, जिन्होंने कहा था, "अतीत में किया गया वायदा तब की राजनीतिक जरूरत थी, वर्तमान में वायदाखिलाफी आज की राजनीतिक जरूरत है।"

मित्रो, मैक्यावेली ने 15वीं शताब्दी में कहा कि साधन और साध्य का कोई अर्थ नहीं, किसी तरह से सत्ता पाओ, कुछ भी कहकर पाओ, लेकिन एक व्यक्ति 400 वर्षों बाद हुआ, जिसने कहा कि नहीं। महात्मा गांधी ने साधन और साध्य को एक नई दिशा दी और लालबहादुर शास्त्री के बाद से कांग्रेस उससे भटकने लगी। इससे समाज में राजनीति की साख पर संकट आया, क्रेडिबिलिटी क्राइसिस आया है आपने सरकार बनाते वक्त जो वायदे किए थे, उस पर न चलकर उस क्रेडिबिलिटी क्राइसिस को राजनैतिक संस्थाओं के प्रति, राजनैतिक दलों के प्रति और बढ़ा दिया है। यह नि ष्कर्ष किसी दुर्भावनावश नहीं है। मैं न अर्थशास्त्री हूं, न विशेषज्ञ हूं, मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा ग्रासरूट लेवल पर गांव, देहात, जंगल, पहाड़ों में पत्रकारिता करते हुए गुजरा है। सर, मैं अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूं कि आपके घोषणापत्र में क्या था और आपके बजट में क्या है। घोषणापत्र में शिक्षा पर सरकारी खर्च को बढ़ा कर सकल घरेलू उत्पाद का छह फीसदी करने का उल्लेख है। यह पेज नम्बर 36 पर है। साथ में कहा गया कि इसमें निजी क्षेत्र को जोड़ कर इस खर्च को और बढ़ाया जाएगा, जबकि बजट में आवंटन साढ़े तीन फीसदी के आसपास है। कहने और करने में पहला फर्क यह है। घोषणापत्र में कहा गया था कि ऐसे कदम उठाये जायेंगे, जिनसे कृषि क्षेत्र में लाभ बढ़े। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लागत का 50 प्रतिशत लाभ हो। यह घोषणापत्र के पृष्ठ 44 पर है, जबकि इस पर बजट पूरा चुप है। बजट में

कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई चर्चा नहीं है और न ही स्वामीनाथन कमेटी का कोई उल्लेख है। कृषि क्षेत्र में कैसे बेहतर ग्रोथ हो, इस दिशा में आपने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

आज देश में हरित क्रांति की जरूरत है। पहली हरित क्राति पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में आई थी, लेकिन दूसरी हरित क्रांति पूर्वी भारत में लाने की जरूरत है, जहां पानी ज्यादा है। यह इलाका बाढ़ या सुखाड़ से प्रभावित रहता है। यहां फ्लड कंट्रोल पर करोड़ों रुपये खर्च करना अकेले राज्य सरकारों के वश की बात नहीं है। बिहार जैसे राज्य में पड़ोसी देश से भारी मात्रा में छोड़े गए पानी के कारण भी बाढ़ की स्थिति पैदा होती है। इसलिए केन्द्र सरकार को आगे बढ़ कर राज्यों को सहयोग देना चाहिए। इतना ही नहीं इन राज्यों में भंडारण की सुविधा भी नहीं है। गोदामों के अभाव में पूर्वी भारत के राज्यों में बड़ी मात्रा में साग-सब्जी बरबाद हो जाती है, जिससे किसानों को घाटा होता है।

आपने अपने घोषणापत्र में कहा था कि कम पानी से सिंचाई की तकनीक को बढ़ावा देने और पानी के संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल की कोशिश की जाएगी। सर, यह मैं कोट कर रहा हूं। यह पेज नम्बर 44 पर है। बजट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू करने का प्रस्ताव है, जिसमें पूरे देश के लिए सिर्फ 1000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि सिर्फ पंजाब की ही मांग 7200 करोड़ रुपये की है। तीसरा, घोषणा पत्र में आपने कहा कि सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। यह पृष्ठ संख्या 47 पर है। इस मद में किसी राशि का आवंटन नही है। घोषणा पत्र में आपने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी अल्पसंख्यकों का एक बड़ा समूह, विशेषकर मुस्लिम समुदाय लगातार गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहा है। आधुनिक भारत समान अवसर वाला होना चाहिए। धार्मिक नेताओं से बातचीत करके वक्फ बोर्ड को और मजबूत किया जायेगा, यह पृष्ठ संख्या 27 पर है। आपने मदरसा आधुनिकीकरण के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया है। यह आवंटन समान अवसर देने के आपके वायदे को पूरा नहीं करता है। देश की करीब 20 फीसदी आबादी की बेहतरी के लिए यह धन पर्याप्त नहीं है। सर, ऐसे अनेक उदाहरण मेरे पास हैं, लेकिन समय कम होने के कारण मैं उनका उल्लेख नहीं करना चाहता हूं। आपने बजट में कहा क्या और किया क्या? मैं माननीय वित्त मंत्री जी के 10 जुलाई के भाषण के एक अंश का उल्लेख करना चाहूंगा। उन्होंने कहा 'भारत के लोगों ने निर्णायक रूप से परि वर्तन के लिए वोट दिया है। यह निर्णय लोगों का यथास्थिति के प्रति गुस्सा दर्शाता है। भारत निस्संकोच रूप से विकास करना चाहता है, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति स्वयं को गरीबी के श्राप से मुक्त कराने के इच्छुक हैं। जिन्हें जटिल चुनौतियों से उभरने का मौका मिल गया, वे आकांक्षावान हो गए हैं। वे अब नव मध्य वर्ग का हिस्सा होना चाहते हैं। यह राष्ट्र बेरोजगारी, अपर्याप्त बुनियादी सुविधाएं, अवसंरचना के अभावों में उदासीन अभिशापों को झेलने के मूड में कतई नहीं हैं।'' मैं पूछना चाहता हूं कि नई उम्मीदों को पैदा करने वाली सरकार ने क्या बदलाव किये हैं? बजट में साफ है कि सरकार ने निजी क्षेत्र के विकास पर तो काफी गहराई से सोचा है, लेकिन यह बात सोशल सेक्टर पर लागू नहीं है। हेल्थ, एजुकेशन, फूड सब्सिडी पर सही अर्थों में खर्चे घटेंगे, क्योंकि मुद्रास्फीति और महंगाई की दर दस फीसदी रही है, परंतु उस अनुपात में सामाजिक क्षेत्र के इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कितना आवंटन बढ़ा है?

[श्री हरिवंश]

आज इलाज कराना सबसे महंगा काम है। अस्पताल उद्योग बन गए हैं। दुनिया के प्रमुख देश तकरीबन पांच फीसदी बजट आवंटन स्वास्थ्य के लिए रखते हैं, परंतु हम डेढ़ फीसदी से आगे नहीं बढ़ पाए। अभी दे दिन पहले मैंने एक खबर देखी, जिसमें हकीकत यह है कि आज एक नेता या अफसर पर होने वाला सालाना स्वास्थ्य खर्च 5000 रुपये है, जबकि ग्रामीण पर यही खर्च 180 रुपये है। इस विषमता का हल बजट में नहीं है।

हमने बजट में आई.आई.टी., आई.आई.एम. जैसे संस्थानों के लिए तो प्रावधान किया है, लेकिन प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए बहुत कम आवंटन किया है। हम शिक्षा के गिरते स्तर को दोष नहीं देते हैं, पर दुनिया की मशहूर बहुराष्ट्रीय कंपनियां हमारे यहां से निकल रहे 70 फीसदी एम.बी.ए. और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स को अनइम्प्लायेबल कहती हैं। हमारा शिक्षा का स्तर इस कदर गिर गया है कि हम अनएम्प्लायड लोगों की एक लंबी कतार खड़ी कर रहे हैं। समाज में जे.सी. बोस, पी.सी. राय, सी.वी. रमन, रामानुजम जैसे लोगों की संख्या घट रही है क्योंकि हम सेंटर आफ एक्सीलेंस नहीं खड़ा कर पा रहे हैं। दुनिया में जो सर्वश्रेष्ठ संस्थाएं हैं, उनमें हमारी संस्थाओं की गणना नहीं हो पा रही है। सरकारें लगातार नए IITs और IIMS तो खोल रही हैं, पर क्या आपने या पिछली सरकारों ने कभी गौर किया कि उसमें पढ़ाने वाले शिक्षक कहां से आएंगे? बहुत जगहों पर तो आठ-दस साल पहले हुए फैसलों के बावजूद आज तक जमीन का आवंटन नहीं हुआ है। इंस्टीट्यूशन्स काम नहीं कर रहे हैं। हमारे यहां ह्यूमिनिटीज और नॉन-ह्यूमिनिटीज, दोनों विषयों में अच्छे शोध करने वाले लोग, अच्छे अध्यापक नहीं मिल रहे हैं। आप IITs, IIMs खड़े कर रहे हैं, जबकि वहां पढ़ाने वाले लोग नहीं मिल रहे हैं। गरीब आखिर कहां जाएंगे? अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी हो, गंभीर इलाज कराना हो, शहरों में सार्वजनिक यातायात का इस्तेमाल करना हो, तो इसके लिए आखिर गरीब कहां जाएं? प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि हमारी सरकार गरीबों की है, पर आपने बजट में गरीबों के लिए क्या किया है? मैं देश के पूरब के हिस्से से आता हूं। आपने अपने घोषणापत्र में पूरब के पीछे छूट गए राज्यों को भारत के आगे बढ़े राज्यों के समकक्ष लाने के लिए विशेष पैकेज और सुविधाएं देने की बात कही थी, लेकिन रघुराम राजन कमेटी की रिपोर्ट के बावजूद ओडीशा, बिहार, बंगाल, झारखंड या उत्तर पूर्व के राज्यों को कोई विशेष दर्जा नहीं मिला है? विशेषज्ञ कहते हैं कि मानव विकास सूचकांक पर या आर्थिक विकास की दृष्टि से ये इलाके बहुत पीछे छूट गए हैं। केन्द्र सरकार के भेदभाव के कारण सबसे अधिक गरीब इन्हीं इलाकों से हैं। आम बजट हो या रेल बजट, इसमें सबसे ज्यादा आवंटन पश्चिम के राज्यों को मिलता है। इससे साफ है कि जो पहले से प्रभावी है, उद्यमी हैं, सक्षम है, यह बजट उन्हीं की चिंता करता है, जो गरीब हैं, पीछे छूट गए हैं, उनकी चिंता नहीं करता है।

बिहार जैसे इलाकों को पिछड़ा कैसे रखा गया, इसको बताने के लिए मैं अतीत में नहीं जाना चाहता हूं, पर इसी सरकार के एक जिम्मेदार मंत्री श्री पीयूष गोयल जी ने शुक्रवार को प्राइवेट मेम्बर बिल के संदर्भ में बिहार के पिछड़ेपन को वहां के मानस से जोड़ा था। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आर्थिक पक्षपात और भेद करने वाली नीतियों का इतिहास पलट लीजिए, आपके समक्ष तथ्य साफ हो जाएंगे।

फ्रेट इक्वलाइजेशन से लेकर दूसरे देशों में आने वाली बाढ़ ने भी बिहार जैसे राज्यों को तबहा किया, लेकिन जब उसी बिहार को अवसर मिला, तो उसने क्या कर दिखाया। रंगराजन कमेटी का आकलन है कि बिहार में 2009-10 से लेकर 2011-12 के बीच, गरीबी का अनुपात, महज दो वर्ष में एक-तिहाई कम हुआ। महज दो वर्ष में भारत के अन्य किसी राज्य के मुकाबले यह सबसे तेज गति से कम हुआ हैं। अब तक सबसे अधिक गरीब बिहार में रहते थे, लेकिन इस रिपोर्ट के अब अनुसार छत्तीसगढ़ में है। हिन्दुस्तान टाइम्स में 8 जुलाई, 2014 को प्रमुखता से यह खबर छपी है - Bihar records highest dip in poverty ratio. मैं याद दिलाना चाहूंगा कि साठ के दशक में प्रमुख चिंतक और राजनीतिक विश्लेषक सच्चिदाबाबू ने किताब लिखी थी कि कैसे बिहार को इंटरनल कालोनी बना दिया गया। उसको ठीक करने के लिए एक व्यक्ति, श्री नीतीश कुमार जी ने प्रयास किया। उन्होंने विशेष राज्य का अभियान चलाया। इसके लिए उन्होंने सवा करोड़ लोगों से दस्तख्त लेकर कोशिश की, परंतु हालात वही रहे। आज बिहार की क्या स्थिति है? मैं बताना चाहूंगा कि यदि बिहार मॉडल के पीछे कोई कारपोरेट ताकत होता तो आज यह दुनिया में जाना जाता, क्योंकि बिहार ने पांच वर्षों में जो समावेशी विकास किया है, वह शायद देश में अन्य किसी राज्य ने न किया हो। पर बिहार को हमने कहां छोड़ा? आज जब मैं पटना में दक्षिण बिहार से उत्तर बिहार की तरफ जाता हूं, तो मुझे सिर्फ एक पुल दिखाई देता है। आप दूसरे राज्यों में चले जाएं, तो क्या हालात हैं, क्या इन्फ्रास्ट्रक्चर है। पूरी गंगा पर साउथ से नॉर्थ जाने के लिए बिहार में 66 वर्षों में चार पुल बने। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You can have two more minutes.

श्री हरिवंश : बिहार सरकार छह और पुल स्वयं बना रही है। सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस तरह के भेदभाव की नीति का अंत किया जाए, तो शायद देश में हालात बदलें।

माननीय उपसभापति जी, मैं कुछ और चीजों की चर्चा करना चाहूंगा, जो आज देश समाज और व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। आज दुनिया की आबादी का 17.5 फीसदी हिस्सा भारत में है, जबकि क्षेत्रफल के लिहाज से हमारा प्रसार दुनिया के 2.4 फीसदी हिस्से में है। 3-4 वर्ष पहले केसरोली ग्रुप से जुड़े एक थिंक टैंक ने एक रिपोर्ट दी थी - इंडियाज डेमोग्राफिक सुनामी। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक भारत में शहरी आबादी 23 फीसदी से बढ़ कर 40 फीसदी हो जाएगी, यानी हम 28.5 करोड़ से 54 करोड़ तक पहुंचने वाले हैं। अगले 25 वर्षों में अनुमान है कि देश की आबादी 35 करोड़ तक बढ़ सकती है। बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में खाद्यान्न की स्थिति, नौकरियों की संख्या, घरों की संख्या, बिजली, सड़क, इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति के बारे में कोई फ्यूचर प्लान नहीं है।

सर, मैं अगली बात युवकों के रोजगार के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे पास चार तथ्य हैं। इन चारों आंकड़ों से यह निकलता है कि आज काफी बड़ी संख्या में हमारे 10-15 करोड़ युवा बेरोजगार हैं, पर उनके लिए कोई नया रास्ता खुलता नहीं दिखाई दे रहा है, ताकि बेरोजगारी दूर हो सके। इसके साथ मैं जोड़ना चाहूंगा कि एक तरफ ग्रासरूट लेवर पर ये कठिन चुनौतियां हैं, तो दूसरी तरफ एक चिन्ताजनक प्रवृत्ति दिख रही है। हम किसानों की आत्महत्या की तो बात करते हैं, पर मामूली उद्यमी, जो बैंकों से लोन लेकर अपनी जिन्दगी में नया बदलाव चाहते हैं,

[श्री हरिवंश]

ऐसे लोग भी बड़े पैमाने पर आत्महत्या कर रहे हैं। इस जुलाई के प्रारम्भिक सप्ताह में एक बड़ी खबर छपी। ...(**समय की घंटी**)...

श्री अली अनवर अंसारी : सर, इनको दो मिनट और दे दीजिए, यह इनकी मेडन स्पीच है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : How can I manage time? There are so many speakers.

श्री हरिवंश : सर, आप मुझे दो मिनट और बोलने की इजाजत दे दें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Maiden speech is for fifteen minutes.

श्री हरिवंश : सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज नौजवानों में अपने फेल्योर से आत्महत्या करने प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह मार्केट इकोनॉमी की देन है। कभी ब्रिटेन में ये हालात हुए थे, तो ब्रिटेन की संसद ने इस पर एक समिति बनाई कि क्रेडिट कार्ड जनरेशन की स्थिति क्यों हो रही है। आज अपने देश में इस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा, बल्कि आगाह करना चाहूंगा कि इस देश में तेजी से जो आर्थिक विषमता बढ़ रही है, उसके बारे में हमें गौर करना चाहिए। 1991 देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। हमने लाइसेंस-कोटा-परमिट राज से, यानी कंट्रोल्ड इकोनॉमी से उदारीकरण की व्यवस्था को अपनाया। लेकिन इसके दो सिम्बल्स साफ दिखाई दिए - आर्थिक विषमता और क्षेत्रीय विषमता। मैं आपके माध्यम से सरकार को आगाह करना चाहता हूं। दुनिया में एक बड़ी महत्वपूर्ण किताब आई है, जिसकी सारे पॉलिसी मेकर्स चर्चा कर रहे हैं - कैपिटल इन ट्वेंटी फर्स्ट सेचुरी। 18वीं शताब्दी से 20वीं शताब्दी तक दो सौ वर्षों में पूंजी का मूवमेंट कैसा रहा, इसमें इसका अध्ययन है, भारत का भी है। उसके लेखक जाने-माने अर्थशास्त्री कहते हैं कि भारत के शीर्ष एक फीसदी अमीरों के पास राष्ट्रीय आय का 8 से 9 फीसदी हिस्सा है। यह आर्थिक विषमता गहराई से बढ़ रही है।

सर, मैं आपकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहूंगा, पर दो चीजें, और कह कर अपनी बात खत्म करना चाहूंगा, जिसके लिए आप मुझे इजाजत दें। इस बजट के बारे में मेरी टिप्पणी वही है, जो कभी वेंकैया नायडु जी ने तत्कालीन सरकार के बजट पर पिछले साल 2013-14 के भाषण में कहा था - "Broken promises and token allocations; words for the poor and deeds for the rich." दूसरी बात, हमारे माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा - "pro rich and pro poor". पर क्या व्यवहार या लोक जीवन में यह उतरता है? 19 जुलाई को बिजनेस स्टैंडर्ड में खबर छपी कि भारत में डॉलर बिलियनेयर्स की संख्या पिछले साल 46 से बढ़ कर 56 हो गई है। एक वामपंथी अर्थशास्त्री मित्र कहते हैं ...(**समय की घंटी**)... कि 13 लोगों की संपदा 80 करोड़ लोगों के बराबर है। यह आर्थिक विषमता देश में नया सामाजिक तनाव पैदा करेगी। धन्यवाद।

श्री उपसभापति : डा. आर. लक्ष्मणन, आपके पास पन्द्रह मिनट हैं। ...(**व्यवधान**)... That is why I said "fifteen minutes." If it's not maiden, then you would get only five minutes. Since it is your maiden speech, you will get fifteen minutes.

DR. R. LAKSHMANAN (Tamil Nadu): Sir, I rise to make my maiden speech on the Union Budget 2014-15. This being my maiden speech, it is my duty and responsibility that I acknowledge gratefully my leader hon. Amma who has sent me to this temple of democracy.

Man is a social animal. It is his social relation with other human beings that gives meaning to his existence. How can life be without relations? Of all the relations man has created for a meaningful living, it is the relationship and the emotional bond between mother and her children that is most unique, sacred, holy and everlasting. Mother is the source of life, reason for existence, and a mother is God personified. My mother whom we affectionately refer to as *Amma* is the source of my life and the reason for my being here. Without our leader, hon. *Amma,* an ordinary son of a peasant family cannot ever dream of entering, this pinnacle of democracy, the Parliament of this country. Standing here, I respectfully pay my salutations to our hon. *Amma,* whom the whole of India now refers to as Amma, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, the General Secretary of my Party, I will eternally be loyal and grateful to *Amma's* grace and blessings on me.

At this moment of joy, I fondly remember the love and care of my parents, my beloved wife and children, especially I recollect the contribution of my teachers in Sacred Heart School, Villupuram, and my medical UG and PG professors in Annamalai University, my friends and Party cadre, and my colleagues in the Parliament are also reason for me standing here now.

Sir, now, I come to the Union Budget presented by the hon. Finance Minister. First of all, I congratulate the Leader of our House for presenting the first Budget of Shri Narendra Modi-led Government. I recognise that he had just a few weeks to prepare the Budget and he has inherited ten years of financial anarchy primarily aimed at elections.

The previous UPA Government of Congress-DMK combine pushed India to unprecedented corruption. History will always remember the worst ever corruption man could perform, which is the 2G spectrum allocation scam. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, what is he speaking? ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Sir, there should not be any interruption. ...*(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu): History cannot be deleted. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has not taken any name. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: What is this? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Siva, he has not mentioned any name. ...*(Interruptions)*... He did not take any name. ...*(Interruptions)*... He only mentioned about corruption. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, let it be about the Budget. ...*(Interruptions)*... Sir, I know that under Rule 238A, any Member should talk only on the subject. Kindly refer to that. ...*(Interruptions)*... Sir, it is a point of order. ...*(Interruptions)*... I don't want to interrupt his maiden speech. ...*(Interruptions)*... Please instruct him not to create any controversy. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Siva, please take your seat. ...*(Interruptions)*... You sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Siva, you sit down. ...*(Interruptions)*... I will deal with that ...*(Interruptions)*... Dr. Maitreyan, please sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Siva, you are a Vice-Chairman. ...*(Interruptions)*... You please listen. ...*(Interruptions)*... This is a discussion on the Budget. Corruption can be discussed. The only thing is that names should not be taken. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: He has taken the name of my Party. ...*(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN: You were a part of the Government. ...*(Interruptions)*... Your Party was in the Government. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: Then, I should also take the name of their Party and their leader. ...*(Interruptions)*... Who started corruption? ...*(Interruptions)*... How many cases are there? ...*(Interruptions)*.... For 15 years, they are dragging cases. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAIN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: They are silent spectators. So, we are speaking. ...*(Interruptions)*... He is accusing you also. ...*(Interruptions)*...

DR. V. MAITREYAN: They got a bad name because of you. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, it's a maiden speech of the hon. Member. He should also be very careful about the words he chooses.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is a good advice for you.

DR. V. MAITREYAN: We choose our words very carefully.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Lakshmanan, do not go to controversial issues. If you speak on the Budget that will be better for you.

DR. R. LAKSHMANAN: The destruction of the Congress Party and decimation of the Congress Government was caused by the 2G Spectrum scam and many scams followed after that which threw India to a miserable financial situation.

It is indeed a difficult task for any Government to set a new path and I am happy the Government under the leadership of hon. Shri Narendra Modi has taken some specific initiatives through this Budget to bring in financial recovery. I wish him all the best.

Now I will come to specifics. I thank the hon. Finance Minister for the smart cities concept he has announced and he has given one such city to Tamil Nadu, at Ponneri near Chennai.

While replying I expect the Finance Minister to enlighten the House what he means by 'Smart Cities' and what will be the quantum of investment for each city.

A substantial amount of Rs.2,037 crores have been allocated in the present Budget for cleaning and conservation of River Ganges and another Rs.100 crores have been set aside for beautifying select river fronts; no doubt River Ganges on the banks of which the Indian civilisation thrived needs to be cleaned and conserved. But, at the same time, water needs of States like Tamil Nadu should be immediately attended to. Sir, Tamil Nadu does not have any perennial rivers. Our lifetime rivers originate elsewhere and flow through our State. It is a matter of great urgency that initiatives are taken to interlink Indian rivers. Tamil Nadu is highly dependent on water from the Cauvery River for irrigation and drinking purposes. The Government of India should allocate, at least, a portion of the money to strengthen the banks of the Cauvery River.

Sir, I see Agriculture, IT, Textile industry, Medical and Tourism are major sources of income and employment for modern India. I am happy that new textile parks will be created in several places of our country, and one such is going to come up in Tamil Nadu. Actually the real problem lies in the competition faced by the Indian textile industries from Chinese industries. The textile industries of our country can be saved only through revolutionary initiatives to modernise and liberalise the laws of the textile industry. I am sure the Government of India is aware of the enormous growth in the textile industry of Bangladesh, our small neighbour. It is time we wake up to the reality and save our own textile industry.

Inflation and price rise in India is the major concern for policy makers like us. It is appropriate for me to mention about the measures taken by my Hon'ble Leader Amma

1.00 P.M.

[Dr. R. Lakshmanan]

to protect the common man from inflation and price rise. Throughout Tamil Nadu my leader Puratchi Thalaivi has started Amma Unavagam, that is, Amma Canteens, wherein idly is being sold at Re 1, two chapathis and a cup of dhal is being sold at ₹ 3, Sambar rice is being sold at ₹ 5 and Curd rice is being sold at Rs.3. Along with this, purified water is being given free of cost. The Government of India should come forward to subsidise the State Government of Tamil Nadu in the Amma Unavagam initiative. The fluctuating cost of onions has been the reason for fall and rise of the Governments in this country. In Tamil Nadu, hon. Amma has started Pannai Pasumai Kaikarigal Stores, that is, farm fresh vegetable stores, where the Government itself procures directly from farmers and sells at a very reasonable price to the people. I suggest that the Government of India studies the initiatives of hon. Amma and come forward with additional support. We must expedite the recovery of huge bad loans given by the Government owned banks to the big borrowers in our country. Maybe, you should empower the Department of Recovery Tribunals for speedy realisation of bad loans. We should also act on a war-footing to bring back the black money kept by Indians in foreign banks.

I welcome the idea mentioned in the Budget that MGNREGA will become an exercise of asset creation. But I do not know how you are going to do it. An explanation from the Finance Minister is keenly awaited.

Lastly, Sir, I read in a newspaper that like how Deng Xiaoping changed China, hon. Shri Narendra Modi may change India and lead this nation towards peace and prosperity. I wish the prediction of that newspaper comes true sooner than later so that billions of our countrymen could eat well, dress well and sleep in a safe and secured home. Long live India. With these words, I welcome the Budget presented by the hon. Finance Minister. Thank you.

श्रीमती झरना दास बैद्य (त्रिपुरा) : सर, सबसे पहले मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे इस बजट पर बोलने का मौका दिया।

सर, मैं जानती हूं कि इस मुश्किल घड़ी में जनहितकर बजट पेश करना बहुत मुश्किल है, फिर भी देश की जो जनता है, उसको बड़ी उम्मीद थी कि यह सरकार कुछ तो करेगी, लेकिन सर, बजट में ऐसा कुछ दिखाई नहीं देता है। एक बात तो मैं यह कहना चाहूंगी कि इलेक्शन कैम्पेन में बी.जे.पी. ने बहुत सारे वायदे किए थे कि जनता के हित में बहुत सारे काम करेंगे, अच्छे दिन आने वाले हैं। वायदा किया है तो वायदा निभाना भी होगा।

[**उपसभाध्यक्ष** (**डा. ई.एम. सुदर्शन नाच्चीयप्पन**) पीठासीन हुए]

सर, चूंकि मैं नॉर्थ-ईस्ट रीजन से आती हूं, इसलिए सबसे पहले मैं नॉर्थ-ईस्ट के बारे में ही बोलना चाहती हूं। आप जानते हैं, 1952 से लेकर आज तक जितनी भी सरकारें आई हैं, किसी भी

सरकार ने इन 8 स्टेट्स के लिए कभी कुछ नहीं किया है। पहले इसमें 7 स्टेट्स थे, अभी 8 स्टेट्स हैं।

उत्तरी पूर्वांचल के लिए इस बजट में कुछ भी नया नहीं है। थोड़ा-बहुत तो दिया है, लेकिन नया कुछ नहीं है। आप जानते हैं कि नॉर्थ-ईस्ट में बहुत सारे नैचुरल रिसोर्सिज हैं, जैसे गैस, रबर, टी, everything is there. लेकिन यह सरकार, जो अभी जवान है, उसने नॉर्थ-ईस्ट के लिए कोई भी नया पैकेज नहीं रखा है। पिछली सरकार ने नॉर्थ-ईस्ट के लिए '15-प्वाइंट प्रोग्राम' रखा था, हालांकि उसे इम्प्लीमेंट नहीं किया गया, लेकिन आपने तो कुछ रखा भी नहीं है। एक भी प्रोजेक्ट या एक भी स्कीम इस बजट में नॉर्थ-ईस्ट के लिए नहीं है।

सर, आप जानते हैं कि नॉर्थ-ईस्ट में ब्रह्मपुत्र ऑपरेशन स्लोगन उठ रहा है, क्यों उठ रहा है, क्योंकि जवानों के सामने कोई और रास्ता नहीं है। काम करने के लिए वहां कोई फैक्ट्री नहीं है। वहां तक अभी रेल भी नहीं पहुंची है। असम को छोड़कर बाकी जो 7 स्टेट्स हैं, वहां तक अभी रेल नहीं पहुंची है। हालांकि त्रिपुरा में मीटर गेज शुरू हुई है, लेकिन कुमारघाट से अगरतला तक और अगरतला से सबरुम तक जो नई मीटर गेज लाइन बन रही है, उसे ब्रॉडगेज लाइन में कन्वर्ट करने के लिए हम लोगों ने कितनी ही चिट्ठियां लिखी हैं, कितने ही आवेदन किए हैं, लेकिन वहां के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है।

वहां बेरोजगारी है। दिन-पर-दिन बेरोजगारों की संख्या और अधिक बढ़ रही है, इसलिए वहां के जो जवान हैं, वे विप्लवगामी हो रहे हैं। वहां पर उग्रवाद की समस्या है, यह बात आप लोग जानते हैं और उग्रवाद वहां और अधिक बढ़ता ही जा रहा है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि नॉर्थ-ईस्ट के बारे में कुछ सोचना चाहिए और वहां के लिए कोई नया पैकेज देना चाहिए। वहां के जो नेचुरल रिसोर्सिज हैं, उनका उपयोग किया जाना चाहिए।

मैं महिलाओं के बारे में भी कुछ बोलना चाहती हूं। आपने महिलाओं के लिए इस बजट में क्या दिया? इलेक्शन के समय सब पॉलिटिकल पार्टियां महिलाओं को मम्मी, दादी, बुआ, चाची कह-कह करके वोट ले लेती हैं और बहुत कुछ करने के वायदे कर देती हैं। बहुत कुछ करने का वादा करते हैं, लेकिन इलेक्शन खत्म होने के बाद वह पूरा नहीं होता है। अभी आप बुलेट ट्रेन चलाएंगे, लेकिन इससे पहले ही आप लोगों ने महिला के ऊपर बुलेट ट्रेन चला दी। इस बजट में महिलाओं के लिए कुछ नहीं दिया गया, मात्र सौ करोड़ रखा है। पूर्व वित्त मंत्री, श्री पी. चिदम्बरम ने निर्भया फंड के लिए एक हजार करोड़ रुपए रखे थे और महिला बैंक खोला था। इस बजट में निर्भया फंड के लिए कुछ नहीं है। नया कुछ दिया है, लेकिन नाम बदलने से क्या होगा? नाम बदलेंगे, तो क्या होगा, स्कीम तो एक ही है न? आपने फिफ्टी-फिफ्टी कर दिया, उससे कुछ नहीं होगा। जब आप लोग इधर बैठते थे, तो बहुत कुछ बोलते थे, अब आप उधर बैठे हैं यानी सत्ता में आ गए हैं, तो सब भूल गए? यह तो हो नहीं सकता है। यह कैसे होगा?

सर, मैं मिड-डे मील वर्कर्स 'आशा' के बारे में बोलना चाहती हूं। वे सभी महिलाएं हैं। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ वर्कर्स कान्फ्रेंस में सब लोगों ने इस पर सहमति जताई थी कि उनको परमानेंट कर दिया जाएगा, लेकिन आज तक उनको परमानेंट नहीं किया गया है। यह क्यों नहीं किया गया, हम लोग नहीं जानते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): Mrs. Baidya, your party's allotted time is over.

श्रीमती झरना दास बैद्य : सर, मैं एक मिनट में समाप्त कर रही हूं। 1975 से ऑनरेरी वर्कर्स पूरे देश में काम कर रही हैं। वे लोग हमारी अगली पीढ़ी को तैयार करने के काम में लगी हुई हैं। वे लोग जन्म-मृत्यु का रजिस्टर मेंटेन करती हैं, घर-घर जाती हैं, प्रेगनेंट औरत को देखती हैं, बच्ची को देखती हैं, बच्ची को तैयार करती हैं, लेकिन उनके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। ऐसा क्यों है? ऐसा नहीं हो सकता है। 'आशा' वर्कर्स सब कुछ करती हैं, इनके ऊपर सामाजिक दायित्व है। हम लोग इस संबंध में पूर्व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, श्री गुलाम नबी आजाद जी से जाकर मिले थे। उन्होंने कहा कि उनको पांच सौ रुपए ऑनरेरियम देंगे, लेकिन आज तक कुछ नहीं दिया गया। उनको इसलिए नहीं दिया गया, क्योंकि वे औरत हैं? आप लोग इनसे काम करा सकते हैं, लेकिन कुछ दे नहीं सकते हैं, यह तो हो नहीं सकता है। हम यह करने नहीं देंगे। सर, अब मैं एस.सी. एवं एस.टी. के बारे में बोलना चाहती हूं। उनके वोट के बिना आप लोग सत्ता में नहीं बैठ सकते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): You have to conclude now and kindly address the Chair.

श्रीमती झरना दास बैद्य : सर, एस.सी./एस.टी. के लिए जो प्रावधान था, उसको भी इस बजट में कम किया गया है। हर साल इसमें कटौती हो रही है। यह कटौती क्यों हो रही है? वे लोग कुछ कर सकते हैं। इस देश के जो एस.सी., एस.टी., माइनॉरिटी, ओ.बी.सी. हैं, इन सब लोगों ने मिल कर आपको सत्ता में बैठाया है, यह आपको याद रखना होगा। इसलिए हम यह चाहते हैं कि बजट में इनकी मद में जो कटौती की गई है, उसको बढ़ा दिया जाए। प्लानिंग कमीशन की गाइडलाइंस के अनुसार यह करना चाहिए, आप अपनी मर्जी से इसको नहीं कर सकते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN): You better address the Chair. Then, you can finish quickly. If you look at other parties, then, you will have emotional features.

